## जल जीवन मिशन कार्यकम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद अमरोहा) के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा की अध्यक्षता में दिनांक 01–06–2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 01.06.2026 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमरोहा की अध्यक्षता में जनपद अमरोहा में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रहे।

- इं0 चन्द्रहास, अधिशासी अभियन्ता ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री नितीश कुमार, अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0) जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
- श्री सर्वेश राय, फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–जेवी, मुरादाबाद।
- श्री सत्येन्द्र यादव, पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली।
- श्री फैजान, डी0पी0एम0 मै0 एल0सी0 इन्फा।
- श्री फैसल, डी.पी.एम.टी.पी.आई अमरोहा।
- श्री ए.ए. जांबाज, जिला समन्यक, यूनसेफ अमरोहा।
- श्री विपिन त्यागी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई।
- श्री विजय सक्सेना, खण्ड विकास अधिकारी हसनपुर।
- श्री नीरज कुमार गर्ग, खण्ड विकास अधिकारी अमरोहा।
- श्री लोकचन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी गजरौला।

**समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–**

1– **जल जीवन मिशन कार्यकम फेज 2:–**
**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 312 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा 187 नग के सापेक्ष 187 नग (312 राजस्व ग्राम) डी0पी0आर0 के कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 184 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 184 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 184 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 1326.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक दिनांक 13.04.2026 तक 1307.50 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 01.06.2026 तक 1307.70 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। लगभग 49 दिवस में मात्र 200 मीटर वितरण प्रणाली का कार्य किया गया है, जोकि अत्यन्त खेदजनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 25 जून 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 90504 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 87954 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 88234 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 49 दिवस में 280 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं (लगभग 05 नग प्रतिदिन), जो अत्यन्त कम हैं। अवशेष गृह संयोजन को अभियान चलाकर 25 जून, 2026 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 187 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 87 नग OHT के कार्य पूर्ण थे, वर्तमान में 87 नग OHT Complete व 95 नग पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार 60 दिवस में कोई OHT पूर्ण नहीं किया गया है। 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत पूर्ण 23 नग ओ.एच.टी. में से कोई ओ0एच0टी0 पूर्ण नही किये गये, जोकि अत्यन्त खेद जनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि 25 जून 2026 तक 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक 23 नग ओ.एच.टी. में से 50 प्रतिशत का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 181 नग पम्प हाउस पूर्ण थे, 02 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 181 पम्प हाउस पूर्ण व 02 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 49 दिवस में फर्म द्वारा कोई पम्प हाउस का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। दिनांक 25 जून 2026 तक अवशेष पम्प हाउस के सभी कार्य पूर्ण करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

- गत बैठक दिनांक 13.04.2026 तक 103 के सापेक्ष 90 सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। वर्तमान तक 90 सोलर पैनल का कार्य पूर्ण है एवं एक योजना के कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि सोलर पैनल के कार्यों में प्रगति बढाते हुए सोलर पेनल के समस्त कार्य 25 जून 2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**2– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 एल0सी0 इन्फ्रा**

- फर्म को आवंटित 05 नग राजस्व ग्राम, 05 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- गत बैठक में फर्म द्वारा सभी 05 नलकूप का कार्य पूर्ण किया था।
- 31.00 कि0मी0 के सापेक्ष 28.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।
- 1990 नग के सापेक्ष 1465 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 01 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण एवं 03 का कार्य प्रगति पर है।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री फैजान फारूकी को निर्देशित किया गया कि प्रगति संतोषजनक नहीं है एवं टाईम लाइन के विपरीत है। 03 पेयजल योजना के समस्त कार्य 25.06.2026 तक पूर्ण करते हुये अपनी चार पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- जिन योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण हो गये हैं, उनमें ऑटोमेशन–इन्टीग्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

**3– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज:–**

**मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) न्यू देहली :–**

- फर्म को आवंटित 567 नग राजस्व ग्राम, 303 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं एवं स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 303 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 305 नलकूप के सापेक्ष 303 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 303 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 2486.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक तक 2454.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 01.06.2026 तक 2455.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं। 49 दिवस में वितरण प्रणाली का 01 कि0मी कार्य किया गया है, जो अत्यन्त खेदजनक है। टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 25 जून 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 154925 नग गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 155212 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 49 दिवस में गृह जल संयोजन का 287 नग किया गया है, जो अत्यन्त कम है। फर्म को निर्देशित किया गया कि अवशेष गृह संयोजन को अभियान चलाकर 25 जून, 2026 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 170 नग OHT के कार्य प्रगति पर एवं 126 नग अवर जलाशय पूर्ण थे। वर्तमान में 169 OHT पर कार्य प्रगति पर है, 127 नग OHT का कार्य पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये है, उन योजनाओं को 25 जून, 2026 तक एवं 15 पेयजल योजनाओं के मोटरेबल रोड को पाइप लाइन की हाईड्रोटेस्टिंग कराकर स्थायी रूप से पुर्नस्थापित कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 267 के सापेक्ष 234 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण था, वर्तमान में भी 234 पूर्ण हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि माह जून, 2026 तक अपनी सभी सोलर आधारित पेयजल योजनाओं में सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

## सभी फर्मों एवं (TPI) & (DPMU) हेतु Common दिशा–निर्देश:–

- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को निर्देशित किया गया कि पुरानी योजनाओं की ब्लॉकवार सूची सभी खण्ड विकास अधिकारियों को जांच हेतु प्रेषित करायें।
- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा द्वारा 69 नग योजनाओं को पूर्ण बताया गया है। उक्त सूची ब्लॉकवार सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को सत्यापन हेतु प्रेषित कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- एफ.टी.के. यूजर का विवरण सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को जांच हेतु 90 प्रतिशत, 75 प्रतिशत पूर्ण योजनाओं की सूची उपलब्ध करायें।
- खण्ड विकास अधिकारी द्वारा साप्ताहिक बैठक की जाये, जिन ग्रामों में कोई सुधार न हो तो उस फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।
- सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति की जा रही है उन ग्रामों में रू0 50.00 प्रति माह शुल्क प्रत्येक लाभार्थी से लेने हेतु ग्राम पंचायत के समूहो से भी योगदान लेना है।
- सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित कर लें कि 69 नग पूर्ण योजनाओं की जांच बिन्दुबार स्थिति एवं योजना में ग्राम के अन्तिम घर तक पानी पहुंच रहा है, सभी स्कूलो एवं सरकारी संस्थानो (सी0एच.सी0 सेन्टर, स्कूल, सचिवालय आदि) में कनेक्शन दिया है।
- सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद अमरोहा में सम्मिलित ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को एवं अवर जलाशय, कैम्पस डेवलपमेन्ट आदि कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर सम्बन्धित नगर पालिका को हस्तांतरित कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मों एवं अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को निर्देश दिये गये कि जनपद के सभी आगंनवाड़ी केन्द्रो, प्राथमिक विद्यालयों, शौचालयो एवं सभी सरकारी संस्थानों पर गृह जल संयोजन/स्टेण्ड पोस्ट देते हुए प्रगति की ग्रामवार सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- डी0पी0एम0यू0 अमरोहा को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पेयजल योजना पर गठित पानी समिति की सूची उपलब्ध कराते हुए अकियाशील पानी समिति को कियाशील कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं सूची सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- मैसर्स आरवी एसोसिएटस (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) टी.पी.आई अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी आगनबाड़ी केन्द्रो, सभी राजकीय भवनो एवं राजकीय संस्थानो में जांच कर सूची उपलब्ध कराये कि कितने राजकीय भवनो में पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है एवं कितने राजकीय भवन पेयजल से अवशेष हैं एवं साथ ही ओ.एच.टी. की हाइड्रोटैस्टिंग व गुणवत्ता की भी जांच करके उसकी आख्या उपलब्ध करायें।
- आई0एस0ए0 एजेन्सी एवं डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि, ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विवाद को सम्बन्धित SDM से Coordinate कर समाप्त कराना, जल सखी, आई0एस0ए0 द्वारा पानी की गुणवत्ता ग्रामवासियों की उपस्थिति में चैक कराना, जल की गुणवत्ता एवं पानी के लाभों का प्रचार प्रसार तथा पानी के बचाव के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि जिन ग्रामो में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामो में लीकेज होती है तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत करायें एवं लीकेज ठीक करने का Minimum & Maximum समय का विवरण रजिस्टर सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा यूनिसेफ ऐजेंसी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विकास खण्ड में 10–10 महिला पम्प ऑपरेटर को रखने हेतु जागरूक किया जाये एवं प्रशिक्षण दिया जाये।

Scanned with OKEN Scanner

- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा एवं सम्बन्धित सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ओ.एच.टी. का टैक्निकल/सैफ्टी ऑडिट किसी भी तकनीकी संस्थान से कराना सुनिश्चित करे। जिससे भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।
- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा एवं सम्बन्धित सभी फर्मों को सी0एम0 डैश बोर्ड की रैंक को 'ए' श्रेणी में लाने हेतु मै0 ओम इन्फ्रा को 200 नग FHTC प्रतिदिन (माह में 6200 नग FHTC) एवं मै0 PNC-SPML को 90 नग FHTC प्रतिदिन (माह में 2600 नग FHTC) करने हेतु निर्देशित किया गया।
- श्री सर्वेश राय, फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0-जेवी, मुरादाबाद, श्री फैजान फारुकी, फर्म प्रतिनिधि एल.सी. इन्फ्रा एवं श्री सत्येन्द्र यादव, पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल.-जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली तीनों फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर ओ.एच.टी. का कार्य पूर्ण हो गया है उन योजनाओं पर ओ.एच.टी. के माध्यम से पेयजलापूर्ति एवं जिन पर सौलर अधिष्ठापन एवं पम्प हाउस का कार्य पूर्ण हो चुका है उन योजनाओं पर डायरेक्ट पम्प के माध्यम से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया है कि अपने से सम्बन्धित सभी योजनाओं की सड़कों को दिनांक 30.06.2026 तक 100 प्रतिशत मोटरेबल कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में यदि क्षतिग्रस्त सड़को के कारण कोई दुर्घटना होती है तो सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध एफ0आई0आर0 करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया है कि अपने से सम्बन्धित जो योजनायें पूर्ण हो गयी है उन ग्रामों के पम्प ऑपरेटर की सूची एवं शिकायत रजिस्ट्रर में दर्ज शिकायतों का विवरण डी.पी.आर.ओ. कार्यालय अमरोहा को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
- डी0पी0एम0यू0 अमरोहा को निर्देशित किया गया कि जल नल मित्र/नल जल ऑकलन (MOM)/RPWSS कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा यूनिसेफ अमरोहा को कार्यक्रम के तहत जन-भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को जल जीवन मिशन कार्यक्रम में से जोड़ा जाये एवं वर्तमान में संचालित पेयजल एवं स्वच्छता संबन्धित शासकीय योजनाओं के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान, सचिव और क्षेत्र के अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा यूनिसेफ एवं सभी फर्मो को निर्देशित किया गया कि महिलाओं के सशक्तिकरण और जल प्रबंधन में उनकी भूमिका एवं भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी महोदय नें जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामों में निर्मित पम्प हाउसों के दैनिक संचालन एवं नियमित रख-रखाव के कार्यों हेतु महिला पम्प ऑपरेटर को नियुक्त करने का निर्देश ओ एंड एम हेतु उत्तरदायी कंपनियों को दिया गया। इस कार्य में यूनिसेफ कंपनियों का सहयोग करेगी और चयनित महिला पम्प ऑपरेटरों को प्रशिक्षित करने का कार्य करेगी द्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु एक विस्तृत रोस्टर प्लान (Roster Plan) तैयार करने के भी निर्देश दिए गये। रोस्टर प्लान में प्रशिक्षण की तिथि, स्थान और प्रतिभागियों का विवरण स्पष्ट रूप से होना चाहिए ताकि समयबद्ध तरीके से ट्रेनिंग पूरी की जा सके।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा यूनिसेफ एवं सभी फर्मो को निर्देशित किया गया कि चयनित ग्रामों में वर्तमान में निर्मित पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाओं के नियमित उपयोग एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतू व्यापक जन जागरूकता और ऑनसाईट तकनीकि जानकारी व काउंसिलिंग प्रदान करने हेतू समस्त 150 ग्रामों में यूनिसेफ टीम के द्वारा प्रस्तवित अप्रैल-जून, 2026 माह में जल एवं स्वच्छता क्लीनिक का आयोजन किए जाने पर सहमति प्रदान करते हुये संबन्धित विभागो जल जीवन मिशन,पंचायती राज,बेसिक स्कूल एडुकेशन ,एवं महिला एवं बल विकास को सहयोग करने हेतू निर्देशित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

➤ मै0 एल0सी0 इन्फ्रा की 01 योजना, मै0 एस0पी0एम0एल0 की 4 नग योजनाऐं पूर्ण हैं जबकि मै0 ओम इन्फ्रा लि0 की 65 नग योजनायें पूर्ण है, जो 16 गुना अधिक हैं। उक्त के संबंध में मै0 एस0पी0एम0एल0 व मै0 एल0सी0 इन्फ्रा का स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

➤ जनपद अमरोहा में जल स्रोतो की स्थिरता की कार्य योजना का परीक्षणोपरान्त संयुक्त रूप से सहमति व्यक्त करने पर कार्य योजना को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

(अश्वनी कुमार मिश्र)
मुख्य विकास अधिकारी,
अमरोहा

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा

पत्रांकः– 3093 / कार्यालय / 57 दिनांक 18/06/26

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।

2– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।

3– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।

4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।

5– जिलाधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।

6–अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय (सिविल एवं वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अमरोहा/मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित जू0इं0, पी.एम, टी.पी.आई0 अमरोहा एवं डी0सी0 डीपीएमयू0 अमरोहा को गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने हेतु निर्देशित करें।

7– समस्त कार्यदायी ऐजेन्सियां (जल जीवन मिशन से सम्बन्धित) जनपद अमरोहा।

8– समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी, जनपद अमरोहा।

18/6/26
मुख्य विकास अधिकारी,
अमरोहा

Scanned with OKEN Scanner